Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding conduct of Business during first part of Budget Session.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, बजट सत्र के प्रथम चरण में आप सभी माननीय सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही और सकारात्मक सहयोग मिला । कोरोना संक्रमण की चुनौतियों के बावजूद भी माननीय सदस्यों ने सदन में देर रात तक बैठते हुए अपने संवैधानिक दायित्वों को प्रतिबद्धता के साथ निभाया, जिससे हम 121 प्रतिशत उच्च कार्य उत्पादकता प्राप्त कर सके । सदन में माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर चर्चा के लिए आवंटित 12 घंटे के समय के स्थान पर 15 घंटे 13 मिनट चर्चा हुई, जिसमें 60 माननीय सदस्यों ने भाग लिया । 60 अन्य माननीय सदस्यों ने अपने भाषण को सभा-पटल पर रखा ।

इसी प्रकार आम बजट पर सामान्य चर्चा के लिए आवंटित 12 घंटे के स्थान पर कुल 15 घंटे 33 मिनट चर्चा हुई, जिसमें 81 माननीय सदस्यों ने भाग लिया । 63 माननीय सदस्यों ने अपने भाषण सभा-पटल पर रखे । इस दौरान सभी माननीय सदस्यों ने सदन को संचालित करने में सकारात्मक सहयोग दिया । सभी विषयों पर व्यापक चर्चा और संवाद हुआ । यह परम्परा हमारे लोकतंत्र को सशक्त करती है । ऐसे समृद्ध संवाद से हमारी संसदीय प्रणाली और मजबूत होती है । देश के नागरिकों का भी लोकतांत्रिक संस्थाओं में भरोसा और विश्वास बढ़ता है । इसके लिए मैं सभी माननीय सदस्यों को साधुवाद देता हूं । मुझे विश्वास है कि आपका सकारात्मक सहयोग भविष्य में इसी तरह से मिलता रहेगा ।

माननीय सदस्यगण, मैं कुछ विषय आपके सामने रखना चाहता हूं । आज कई माननीय सदस्यों का शून्य काल के लिए आग्रह था । उसके बाद आधे घंटे की चर्चा प्रधान मंत्री आवास पर भी थी और संकल्प भी है । मैं तीनों विषयों को लूंगा । मेरा आग्रह है कि आज सदन 9 बजे तक चलेगा । जो समय निर्धारित है,

तो उस समय को हम पूरा करें, ऐसी मेरी सभी माननीय सदस्यों से अपेक्षा है । पहले मैं शून्य काल लूंगा, उसके बाद प्रधान मंत्री आवास योजना (ग्रामीण), उसके बाद संकल्प फिर उसके बाद शून्य काल । मैं नियम-377 भी लूंगा । मैं सदन से इजाजत चाहता हूं । क्या सदन की इसमें सहमति है?

अनेक माननीय सदस्यगण: हां, हमारी पूरी सहमति है ।